प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः- 12.04.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## थाना महोबकंठ पुलिस टीम ने मतदाताओं को प्रलोभन देने वालों के विरुद्ध की कड़ी कार्यवाही...

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन पर तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री तेज बहादुर सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में आमागी त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन को सकुशल, शान्तिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत मतदाताओं को प्रलोभन देने वाले अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी विधिक निरोधात्मक कार्यवाही किये जाने के क्रम में दिनांक 11.04.2021 को थानाध्यक्ष महोबकंठ श्री लाखन सिंह द्वारा गठित संयुक्त पुलिस टीम ने अभियान में सम्मिलित होकर क्रमशः ग्राम घुटई से अभियुक्त 1-धनीराम रैकवार पुत्र रामसहाय 2- ईश्वरदास पुत्र रामसहाय पटेल को गिरफ्तार किया जिनके कब्जे से **पंचायत चुनाव मे मतदाताओ को प्रलोभन के लिये वितरण हेतु 330 अदद क्वार्टर देशी शराब ठेका नाजायज बरामद किया गया,** जिसके सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0सं050/21धारा 171E भादवि व 60 आबकारी अधि0 बनाम 1- धनीराम रैकवार 2- ईश्वरदास पटेल 3- अखिलेश पटेल पुत्र काशीराम पटेल उम्र करीब 39 वर्ष 4- दुकान संख्यां 5718 श्रीनगर महोबा पंजीकृत किया गया।

इसी क्रम में द्वितीय टीम द्वारा ग्राम रिवई प्राथमिक विद्यालय के पास से अभियुक्त बाघराज पुत्र कालीचरन राजपूत उम्र करीब 50 वर्ष एवं बलवान सिंह पुत्र हीरासिंह उम्र करीब 36 वर्ष को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से पंचायत चुनाव **के लिये मतदाताओ को प्रलोभन हेतु वितरण किये जा रहे 10,000/-रू0 व भारी मात्रा में मुर्गे का मीट (चिकन) बरामद किया गया,** जिसके सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 51/21 धारा 171E भादवि बनाम 1- बलवान सिंह पुत्र हीरासिंह उम्र करीब 36 वर्ष 2- बाघराज पुत्र कालीचरन राजपूत उम्र करीब 50 वर्ष 3 - हीरा सिंह पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम रिवई थाना महोबकंठ जनपद महोबा (प्रत्याशी) पंजीकृत किया गया।

### गिरफ्तारी/कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

(प्रथम टीम) 1. उ0नि0 सुनील कुमार 2. कां0 सज्जनलाल 3. कां.प्रवीन कुमार

(द्वितीय टीम) 1. उ0नि0 सूरज प्रसाद 2.कां0 पंकज पाल 3. कां.इरफान






Mahoba Police

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः- 12.04.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## जनपद महोबा में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के दृष्टिगत महत्वपूर्ण बिन्दु...

- जनपद महोबा में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन का मतदान दिनांक **15.04.2021** को होना सुनिश्चित है।
- जनपद महोबा में **04** ब्लाक क्रमशः कबरई, चरखारी, जैतपुर, पनवाड़ी हैं।
- जनपद महोबा में कुल **273** ग्राम पंचायत में **473** मतदान केन्द्र एवं **925** बूथ हैं, जिनका ब्लाकवार विवरण निम्नवत है।
  - ब्लाक कबरई- ग्राम पंचायत **94,** मतदान केन्द्र **146**, बूथ **327**
  - ब्लाक चरखारी- ग्राम पंचायत **52**, मतदान केन्द्र **99**, बूथ **170**
  - ब्लाक जैतपुर- ग्राम पंचायत **64,** मतदान केन्द्र **121**, बूथ **209**
  - ब्लाक पनवाड़ी- ग्राम पंचायत **66,** मतदान केन्द्र **107**, बूथ **219**
- जनपद में एक बूथ के **150,** दो बूथ के **239,** तीन बूथ के **58,** चार बूथ के **13,** पांच बूथ के **07** एव छः बूथ के **06** मतदान केन्द्र हैं।
- जनपद में कुल **47** मतदान केन्द्र अतिसंवेदनशील एवं **426** मतदान केन्द्र सामान्य श्रेणी के हैं।
- जनपद के सभी मतदान केन्द्रों को **05** सुपर जोन, **10** जोन एव **78** सेक्टर में विभाजित किया गया है।
- जनपद के सभी मतदान केन्द्रों को कम से कम दो सशस्त्र पुलिस कर्मियों से आच्छादित किया गया है। इसके अतिरिक्त सभी मतदान केन्द्रों पर मानक के अनुरूप पुलिस बल व्यवस्थापित किया गया है।
- जनपद में मतदान दिवस पर कानून व्यवस्था के दृष्टिगत **49** कलस्टर मोबाइल, **10** थाना मोबाइल, **10** अतिरिक्त थाना मोबाइल, **10** थाना रिजर्व, **78** सेक्टर मजिस्ट्रेट मोबाइल, **10** जोनल मजिस्ट्रेट/जोनल पुलिस अधिकारी मोबाइल **05** सुपर जोनल मजिस्ट्रेट/सुपर जोनल पुलिस अधिकारी, **02** क्षेत्राधिकारी मोबाइल, **01** अपर जिलाधिकारी/अपर पुलिस अधीक्षक मोबाइल, **01** सी**0**डी**0**ओ**0**/अपर पुलिस अधीक्षक मोबाइल, **01** अपर जिलाधिकारी/पुलिस उपाधीक्षक मोबाइल तथा **01** जिलाधिकारी / पुलिस अधीक्षक मोबाइल संचालित रहेंगी।
- इसके अतिरिक्त जनपद में मतदान दिवस पर **15** आउट पोस्ट, **20** बैरियर, **20** पिकेट एवं **20** मोटर साइकिल मोबाइल संचालित होंगी, जिन पर मानक के अनुरूप पुलिस बल व्यवस्थापित किया गया है।
- लगाये गये **20** बैरियरों में **07** अन्तर्जनपदीय, **07** अन्तर्राज्यीय एवं अन्दर जनपदीय **06** मेरियर संचालित होंगे जिन पर मानक के अनुरूप पुलिस बल का व्यवस्थापित किया गया है।

Mahoba Police

# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक:- 12.04.2021**

**सोशल मीडिया सेल**

➢ जनपद स्तर पर मुख्यालय महोबा में रिजर्व के रूप मे **02** निरीक्षक, **02** उ**0**नि**0**, **02** हे**0**का०, **10** सशस्त्र आरक्षी, **06** निःसशस्त्र आरक्षी, **04** महिला आरक्षी को रिजर्व के रूप में रखा गया है।

➢ पी**0**ए**0**सी**0** का आवंटन निम्न प्रकार है...

**1.** समस्त सुपर जोनल पुलिस अधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी के हमराह **0.5** सेक्शन /अपर पुलिस अधीक्षक/पुलिस उपाधीक्षक एवं सीओ मोबाइल को **01** सेक्शन, पुलिस अधीक्षक को **01** सेक्शन आवंटित की गयी है।

**2.** समस्त थाना रिजर्व पर **0.5** सेक्शन पीसी रिजर्व की गयी है।

➢इस प्रकार सम्पूर्ण जनपद में कानून व्यवस्था/बूथ ड्यूटी में **02** अपर पुलिस अधीक्षक, **08** पुलिस उपाधीक्षक, **22** निरीक्षक, **167** उ**0**नि**0**, **238** मुख्य आरक्षी, **956** सशस्त्र आरक्षी, 470 निःशस्त्र आरक्षी, **54** महिला आरक्षी. **1365** हो0गा0, **336** चौकीदार, **40** पी**0**आर0डी**0** एवं **16** सेक्शन पी**0**सी**0** का व्यावस्थापन किया गया है।




## कानून व्यवस्था सम्बन्धित कार्यवाहियों का विवरण...।

➢ जनपद में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन **2021** को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु आवांछनीय/आसामाजिक तत्वों एवं अपराधियों का चिन्हीकरण एवं उनके विरुद्ध निम्नांकित निरोधात्मक कार्यवाही गयी है।

- जनपद में **1009** चालानी रिपोर्टों में **16750** व्यक्तियों के विरूद्ध **107/116** सीआरपीसी की कार्यवाही कर **12920** व्यक्तियों को पाबंद कराया गया है।
- जनपद में अवैध शस्त्र एवं विस्फोटक बरामदगी के अन्तर्गत **08** अवैध शस्त्र एवं **27** कारतूस तथा **1975** किग्रा विस्फोटक की बरामदगी की गयी है तथा एक शस्त्र फैक्ट्री जिसमें 06 अवैध शस्त्र व उसके उपकरण बरामद किये गये हैं।
- अवैध मदिरा विक्रय निष्कर्षण/परिवहन के अन्तर्गत जनपद में 118 अभियुक्तों से 2398 लीटर शराब की बरामदगी की गयी है, **02** भट्टी में **06** अभियुक्तो की गिरफ्तारी कर **14** कुन्तल लहन नष्ट कराया गया है।
- गैर जमानतीय वारण्टो की तामीला के अन्तर्गत **23** अभियुक्तो की गिरफ्तारी की गयी है।
- निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान गैंगेस्टर एक्ट के अन्तर्गत **05** अभियोगो में **23** अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गयी है तथा **03** अभियुक्तों के विरूद्ध जब्तीकरण की

Mahoba Police

कार्यवाही के अन्तर्गत **48** करोड़, **50** लाख, **45** हजार रूपये की सम्पत्ति जब्त की गयी है तथा वर्ष में अब तक पंजीकृत **11** गैंगेस्टर एक्ट के अभियोगों में नामित **51** अभियुक्तों में से **47** अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गयी है तथा **03** अभियुक्तो से सम्पत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी है।

- गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत **51** अभियुक्तों के विरूद्ध चालान की कार्यवाही कर **14** अपराधियों को जिला बदर कराया गया है तथा **544** अभियुक्तो के विरूद्ध **110** जी सीआरपीसी की कार्यवाही की गयी है।
- जनपद में जमा कराये जाने हेतु **6105** लाइसेंसी शस्त्रो के सापेक्ष **4724** शस्त्रो को जमा कराये जाने की कार्यवाही जा चुकी है।
- जनपद में निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लघन के सम्बन्ध में **08** अभियोग पजीकृत कर **235** अभियुक्तो के विरूद्ध कार्यवाही की गयी है ।

## कोविड-19 महामारी के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश...

आयोग के पत्र संख्या-**611** दिनांक **22.03 2021** के क्रम में कोविड-**19** महामारी के सम्बन्ध में निर्गत दिशा-निर्देशो के अनुरूप निर्वाचन प्रक्रिया में नियुक्त समस्त पुलिस बल को संक्रमण से बचाये जाने हेतु निम्नांकित बिन्दुओ पर कार्यवाही करायी जा रही है •

- निर्वाचन प्रक्रिया में लगाये गये समस्त अधिकारियो एवं कर्मचारियो को ड्यूटी कार्ड के साथ ही मास्क/फेस मास्क एवं सेनेटाईजर आवंटित किया जा रहा है, कार्य में नियुक्त प्रत्येक कर्मियों को फेस मास्क/मास्क लगाने हेतु निर्देशित किया गया है।
- निर्वाचन प्रक्रिया में लगाये गये समस्त अधिकारियो/कर्मचारियो को प्रत्येक कर्मियों के मोबाइल में आरोग्य सेतु ऐप डाउनलोड करने एवं उसका उपयोग हेतु निर्देशित किया गया है।
- निर्वाचन प्रक्रिया हेतु चयनित प्रत्येक मतदान केन्द्र/पोलिंग पार्टी डिस्पैच सेन्टर/स्ट्रांग रूम के सैनेटाईजेशन की कार्यवाही करायी जा रही है।
- कोविड-**19** के सन्दर्भ में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अन्तर्गत समाजिक दूरी का अनुपालन किये जाने हेतु समस्त पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया गया तथा उक्त संदेश को पी.ए. सिस्टम के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है।

Mahoba Police

# "मिशन शक्ति" अभियान के तहत बालिकाओं एवं महिलाओं को सुरक्षा सम्बन्धी अधिकारों के प्रति किया गया जागरूक...।

आज दिनाँक 12.04.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में जनपद में संचालित हो रहे **"मिशन शक्ति"** महाभियान कार्यक्रम के तहत नोडल अधिकारी मिशन शक्ति निरीक्षक रचना सिंह मय टीम के साथ जनपद महोबा में थाना पनवाड़ी के ग्राम स्योढ़ी में मिशनशक्ति जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन व नारी सुरक्षा के प्रति जागरुक किया गया, जिसमें कहा कि सभी छात्रायें अपने अधिकारों के प्रति सजग और जागरुक रहें आज के समय में छात्रायें किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है आप अपनी शक्ति को पहचाने इसी क्रम में कहा कि स्कूल आते जाने समय हमेशा सतर्क रहें और रास्ते में यदि कोई आपका पीछा करता है या कोई अपशब्द/अश्लील बातें या फब्तियां कसता है तो आप सभी को अपने सम्मान, अपनी सुरक्षा व स्वावलंबन के प्रति जागरुक होकर तत्काल असामाजिक तत्वों के विरुद्ध हेल्पलाइन नम्बरों- 112, 1090, 1076 या अपने नजदीकी पुलिस थाने को सूचना दें या फिर पुलिस के ट्वीटर हैंडल **@mahobapolice** का भी प्रयोग कर शिकायत दर्ज कराते हुये शोहदों को उनका सबक सिखायें इसी क्रम में सभी को जनपद के प्रमुख अधिकारियों के सीयूजी नंबरो के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हे साइबर अपराध एवं महिला कानूनो की भी जानकारी दी देते हुये सभी को मिशनशक्ति जागरुकता पम्पलेट्स का वितरण भी किया गया।



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः- 12.04.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## “एण्टी रोमियो टीम” द्वारा थाना क्षेत्र में भ्रमण कर नारी-शक्ति को किया गया जागरूक




आज दिनाँक 12.04.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में उ0नि0 शिल्पी शुक्ला मय टीम द्वारा नगर के कीरत सागर एवं मुख्य बाजार, मोहल्लो में भ्रमण किया गया एवं महिला चौकी प्रभारी उ0नि0 नीलम यादव मय टीम द्वारा कस्बा चरखारी में भ्रमण किया गया, साथ ही जनपदीय थानों द्वारा संचालित हो रहे “एण्टी रोमियो टीम” द्वारा थाना क्षेत्र के बस स्टैण्ड, रेलवे-स्टेशन, मुख्य बाजार, कोचिंग संस्थानों आदि जगहो में भ्रमण कर महिलाओं/बालिकाओं एवं छात्राओं को नारी-शाक्ति का अहसास कराया गया एवं उनकी शाक्तियों को बताते हुए उनके अधिकारो के प्रति जागरुक किया गया साथ ही कानूनी एवं साइबर अपराध की जानकारी दी गई। भ्रमण के दौरान हेल्पलाइन नम्बरों यथा- 112, 1090, 1076 व जनपदीय थानों के नं0 नोट कराये गये एवं रोड़ पर अनावश्यक घूम रहे लड़को से पूछताछ की गई।





प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः- 12.04.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## पंचायत चुनाव के मद्देनजर जनपदीय पुलिस मय पीएसी बल के साथ संवेदनशील ग्राम-सभा में में किया गया फ्लैग मार्च एवं यातायात/कोविड-19 नियमों के उल्लंघन पर किये चालान







आज दिनाँक 12.04.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में पंचायत चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के मद्देनजर जनपदीय थानो द्वारा थाना क्षेत्र में पड़ने वाले संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील ग्राम-सभा व मतदान केन्द्रो पर पीएसी बल के साथ फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान ग्रामीणो को सुरक्षा का अहसास कराया गया एवं चुनाव में बाधा डालने वालो व शराब व अन्य प्रतिबन्धित चीजों के वितरण की सूचना तुरन्त स्थानीय पुलिस को देने की अपील की गई। साथ ही पैदल गस्त करके संदिग्धो की चेकिंग की गई एवं आचार संहिता का पालन करने की अपील की गई।

यातायात/कोविड-19 नियमो के तहत जनपदीय पुलिस द्वारा **38 वाहनों से 4000/- रु0 शमन शुल्क व 05 ई-चालान** किये गये।









# GOOD MORNING MAHOBA

**दिनांक 12.04.2021**

**MAHOBA POLICE**

**सोशल मीडिया सेल**



जनपदीय पुलिस की गुड़ मार्निंग टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में सुबह कि सैर करके ग्रामीण क्षेत्र के लोगो से मिलकर उनकी समस्याओं को जाना तथा स्कूली बच्चों से मिलकर आगामी माह में होने वाली बोर्ड परीक्षा से संबंधित

महत्वपूर्ण टिप्स दिये ।

**चलो दुखों को भुलाकर एक बार फिर जीते हैं, कब तक ऐसे जियेंगे?**

**चलो आज ज़िन्दगी की शुरुआत एक मुस्कुराहट के साथ करते हैं। सुप्रभात।**